कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.06.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

गुरू संग गोठ

मध्यपूर्व युद्ध का वैश्विक प्रभाव

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग गुरू संग गोठ का आयोजन प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गनिर्देशन में किया गया। 'मध्यपूर्व युद्ध का वैश्विक प्रभाव' विषय पर छात्राओं एवं शिक्षकों ने विचार विमर्श किया। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का वैश्विक प्रभाव अत्यंत व्यापक और नाकारात्मक है एवं इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा आर्थिक संकट मंडरा रहा है एवं उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर अमल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 सुषमा यादव, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती ज्योति भरणे एवं डॉ0 तोषिना तैलंग ने अपने विचार व्यक्त किये कि युद्ध प्रकृति के नाजूक संतुलन को कई तरह से बिगाड़ता है एवं पर्यावरणीय क्षति से प्राकृतिक संसाधनों, महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्रों और लोगों के स्वास्थ्य, आजिविका और सुरक्षा पर विनाशकारी परिणाम होते हैं। वहीं छात्राओं में से सुश्री नौशीन, मानसी प्रसाद, युक्ति देशमुख, लुबना खान आदि ने वर्तमान में ऊर्जा बचाव के तरीकों की चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि 'गुरू संग गोठ' महाविद्यालय की महत्वकांक्षी परंपरा है, जिसमें गुरू एवं शिष्य ज्वलंत समसमायिक समस्याओं पर गहन, चिंतन, मनन कर समाधान पर पहुंचते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वैभवशंकर सोनी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री तब्बसुम अली ने किया।

टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य

गुरू संग गोठ
मध्यपूर्व युद्ध का वैश्विक प्रभाव